वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 04.04.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला,दैनिक जागरण," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

अमर उजाला –दि0 04.04.2026

लैंड पूलिंग से टाउनशिप में सेक्टर आधारित होगा विकास

वाराणसी। शहर को सुव्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए वीडीए की नियोजित टाउनशिप प्लानिंग और लैंड पूलिंग स्कीम लाई गई है। जिसका सेक्टर आधारित विकास किया जाएगा।

वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने बताया कि किसानों को यह समझाया जा रहा है कि लैंड पूलिंग योजना से बिना पारंपरिक भूमि अधिग्रहण के उनकी भूमि का नियोजित, संतुलित और दीर्घकालिक विकास किया जा सकता है। जिससे उन्हें कई लाभ प्राप्त होंगे। जमीन की कीमत भी बढ़ेगी।

उन्होंने बताया कि भूमि स्वामियों को अधिग्रहण की तुलना में लगभग 5 से 10 गुना तक लाभ मिलने की संभावना रहती है। 25 प्रतिशत विकसित भूमि मॉडल अपनाया जाएगा। इस मॉडल में संपूर्ण भूमि का विकास वीडीए करेगा। विकसित भूमि का लगभग 25–30 प्रतिशत भाग संबंधित किसान/भू-स्वामी को वापस दिया जाएगा।

लैंड पूलिंग में भाग लेने वाले किसानों से कोई विकास शुल्क नहीं लिया जाएगा। इससे न केवल किसानों को फायदा होगा बल्कि बेहतर विकास भी होगा। चारों ओर नए टाउनशिप विकसित किए जाएंगे।

किसानों को अपनी जमीन की उचित कीमत नहीं मिलती है। इस चक्कर में दिक्कत आती है। बनारस के इनर और आउटर रिंग रोड किनारे टाउनशिप विकसित करने की योजना बनाई गई है। हरहुआ से राजातालाब के बीच बसे गांवों का तेजी से विकास होगा। आसपास होटल, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स आईटी इंडस्ट्रीज, ग्रीन एरिया भी विकसित किए जाएंगे। ब्यूरो

वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

दैनिक जागरण –दि0 04.04.2026

विधायक ने वीडीए उपाध्यक्ष के साथ उंदी ताल का किया अवलोकन

शुक्रवार को हरहुआ ब्लाक के उंदी ताल का अवलोकन करते हुए विधायक व वीडीए उपाध्यक्ष ● जागरण

जागरण संवाददाता, हरहुआ : हरहुआ ब्लाक स्थित भौमि ग्राम पंचायत में उंदी ताल के प्रस्तावित इको टूरिस्ट स्पाट को लेकर अजगरा विधायक त्रिभुवन राम व वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा व उनकी टेक्निकल टीम ने पूर्व में हुए और चल रहे कार्यों व स्थल का अवलोकन किया। ड्रीम प्रोजेक्ट में पर्यटकों की सुविधा, हरियाली और जल संचयन सहित बुद्धा थीम पार्क, इको जोन में प्रस्तावित योजनाओं की विधायक ने जानकारी ली।

- **बुद्धा थीम पार्क में प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी ली**
- **कई अन्य सुविधाओं पर चर्चा की ग्रामीणों से भी लिया सुझाव**

चिल्ड्रेन पार्क, काटेज, ओपेन जिम, पर्यटकों को लुभाने के लिए आकर्षक पुल, रास्ते, ध्यान स्थल, बाटनिकल गार्डन, जलाशयों एवम वेट लैंड संरक्षण, पैदल ट्रैक सहित कई अन्य सुविधाओं पर चर्चा की साथ ही ग्रामीणों से भी सुझाव लिया। विधायक ने प्रथमतया बाउंड्री के चारो तरफ बेहतर सड़क निर्माण व सकरे स्थानों पर सड़कों का सुधार कराने, जल भराव की समस्या का निराकरण, काटेज निर्माण तथा फूड कोर्ट को पीछे के बजाय प्रारम्भ में रखने का सुझाव दिया। वीडीए की टेक्निकल टीम ने प्रस्तावित योजनाओं को मानचित्र के जरिये जानकारी दी।

वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने उंदी ताल को इको टूरिस्ट के रूप में विकसित किये जाने की जानकारी दी। पर्यटन हब होने के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होने की जानकारी दी। इसी बीच आंधी आने व समयाभाव के चलते टीम वापस लौट गई। इस अवसर पर रामप्रकाश सिंह बीरू जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा वाराणसी, राणा चौहान, डॉ0 अजीत सिंह पूर्व प्रधान,रितेश सिंह प्रधान जयपार,विजय राजभर,हीरू सिंह,तथा कई अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।